# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर—272202 उ0प्र0 (भारत)
Email Id: registrar@suksn.edu.in, Website : www.suksn.edu.in

पत्रांक—1672/कु0स0का0/सि0वि0वि0/2025, दिनांक— 28—11—2025

## बैठक सूचना

मा0 कुलपति जी के अनुमति के क्रम में अवगत कराना है कि माननीय राज्यपाल, उत्तर प्रदेश द्वारा राज्य की पॉच भागीदारी विश्वविद्यालयों में (जनवरी—मई 2026 पायलट चरण) क्रेडिट—आधारित व्यावसायिक **'साइबर सुरक्षा'** पाठ्यक्रम के एक समान कार्यान्वयन को स्वीकृति प्रदान की गयी है। यह पहल C3i Hub, IIT कानपुर तथा नोडल विश्वविद्यालय (सी.एस.जे.एम.यू. कानपुर) के संयुक्त समन्वय में संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में साइबर जागरूकता बढ़ाना, डिजिटल सुरक्षा को प्रोत्साहित करना तथा साइबर क्षमता निर्माण को सुदृढ़ करना है।

उक्त के क्रम में स्वीकृत मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) के अनुरूप उक्त पाठ्यक्रम के सफल कार्यान्वयन हेतु कार्ययोजना, सम्बद्ध राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों की भूमिकाएँ एवं उत्तरदायित्व, छात्र प्रोत्साहन रणनीतियॉ तथा आवश्यक अवसंरचना पर चर्चा हेतु **एक बैठक दिनांक 06—12—2025 दिन—शनिवार को अपरान्ह् 02:30 बजे विश्वविद्यालय में प्रशासनिक भवन में स्थित सभा कक्ष में आयोजित** की गयी है।

अतः आप सभी से अनुरोध है कि उक्त बैठक में ससमय प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

28/11/25

**कुलसचिव**
**सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,**
**सिद्धार्थनगर।**

पत्रांक— /तद्दिनांकित।

**प्रतिलिपि—** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित—

1. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालय।
2. समन्वयक, (SPoC- Single Point of Contact) 'साइबर सुरक्षा' व्यावसायिक पाठ्यक्रम।
3. परीक्षा नियंत्रक, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
5. सम्बन्धित पत्रावली हेतु।

**कुलसचिव**
**सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,**
**सिद्धार्थनगर।**